Sixteenth Loksabha

an>

Title: The Speakers made reference to the passing away of Sh. Chintaman Navsha Wanaga, a sitting member of the Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण,मुझे, हमारे साथी श्री चिन्तामन नवशा वनगा के दु:खद निधन के बारे में सभा को सूचित करना है।

श्री वनगा महाराष्ट्र के पालघर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से वर्तमान सदस्य थे ।वे 11वीं और 13वीं लोकसभा के भी सदस्य रहे।

इससे पहले, श्री वनगा महाराष्ट्र विधानसभा के भी सदस्य थे।

वह 13वीं लोकसभा के दौरान शहरी और ग्रामीण विकास संबंधी समिति तथा 16वीं लोकसभा के दौरान अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति तथा ग्रामीण विकास संबंधी समिति के सदस्य थे।

श्री चिन्तामन नवशा वनगा का निधन 30 जनवरी, 2018 को 67 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में हुआ ।

हम अपने साथी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । मुझे विश्वास है कि शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने में यह सभा मेरे साथ है ।

अब यह सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

–

11 02 hrs *The Members then stood in silence for a short while.*